# अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर

बुधवार
18 मार्च, 2026

वर्ष 2, अंक 44 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com







## नालंदा में एलपीजी पर्याप्त, अफवाहों से बचें, प्रशासन ने दी सलाह



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मंगलवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न गैस एजेंसियों एवं संबंधित पदाधिकारियों ने भाग लिया।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि नालंदा जिले में घरेलू गैस सिलिंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और इसकी आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। जिला अंतर्गत इंडियन ऑयल के 18 एजेंसियों के पास 4501 सिलिंडर, भारत पेट्रोलियम के 27 एजेंसियों के पास 7148 सिलिंडर तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 9 एजेंसियों के पास 3684 सिलिंडर स्टॉक में मौजूद हैं।

प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह या घबराहट में आकर गैस सिलिंडर की अनावश्यक बुकिंग न करें और न ही कालाबाजारी से गैस खरीदें। उपभोक्ताओं को डिजिटल या अधिकृत माध्यमों से ही सिलिंडर बुक कर प्राप्त करने की सलाह दी गई है। साथ ही सोशल मीडिया पर एलपीजी की कमी से संबंधित फैल रही भ्रामक खबरों पर ध्यान न देने और उन्हें साझा न करने की अपील की गई है।

घरेलू गैस से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या 06112-233168 है। जमाखोरी, कालाबाजारी या गैस के अवैध उपयोग की सूचना मिलने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं गैस एजेंसी प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## परवलपुर के अस्तुपुर में अफीम की अवैध खेती पर बड़ी कार्रवाई, फसल नष्ट



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग, नालंदा की हिलसा टीम ने परवलपुर थाना क्षेत्र के अस्तुपुर गांव में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए फसल को नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई 17 मार्च को गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसकी पुष्टि ड्रोन से जांच कर की गई।

सूचना की पुष्टि होने के बाद अधीक्षक मद्यनिषेध लाला अजय कुमार सुमन के निर्देश पर विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। इस दल में थाना अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार, शहरयार आलम अंसारी, एएसआई निरंजन कुमार, मोनी कुमारी, निधि, श्वेता सिन्हा, सुभाषकुमार एवं अश्विनी कुमार पासवान शामिल थे।टीम ने परवलपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार एवं सशस्त्र बल के सहयोग से अस्तुपुर गांव में छापेमारी की। चिन्हित खेतों की जांच के बाद लगभग 300 वर्ग फीट से लेकर 8 कट्ठा क्षेत्र में लगी अवैध अफीम की फसल को नष्ट कर दिया गया तथा नमूने सुरक्षित रखे गए।

जांच के दौरान नीतिश उर्फ तुलसी, अमीर, नरेंद्र महतो, वीरेंद्र महतो, अजय महतो, सत्येन्द्र महतो एवं अरुण महतो को अवैध खेती में संलिप्त पाया गया।

मद्यनिषेध विभाग ने सभी आरोपियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि अवैध नशीले पदार्थों की खेती या तस्करी की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि ऐसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकार हेतु जागरूकता कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मंगलवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नालंदा के तत्वावधान में “अटल वयो अभ्युदय योजना” के अंतर्गत नगर भवन, बिहारशरीफ में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार एवं सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने सामाजिक सुरक्षा एवं नई पीढ़ी को जागरूक करने हेतु तैयार कॉमिक (संवाद संस्करण) पुस्तिका का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी को अपने दादा-दादी, नाना-नानी एवं माता-पिता की देखभाल करने की अपील की, ताकि आने वाली पीढ़ी भी इसी परंपरा का पालन करे। उन्होंने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण तथाकल्याण अधिनियम, 2007 एवं बिहार नियमावली, 2012 के तहत उपलब्ध कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की उपेक्षा, दुर्व्यवहार या संपत्ति विवाद की स्थिति में वरिष्ठ नागरिक अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष आवेदन देकर न्याय प्राप्त कर सकते हैं। जरूरतमंदों को वृद्धाश्रम, आश्रय गृह, भोजन एवं चिकित्सीय सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, सहायक निदेशक दिव्यांग जन सशक्तिकरण, पुलिस उपाधीक्षक (सिक्योरिटी), डिप्टी सुपरिंटेंडेंट सदर अस्पताल, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, इस्लामपुर के वृद्धाश्रम संचालक सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में “बिहार गौरव दूत” टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता का संदेश भी दिया।

## चंडी में पुलिस-नारकोटिक्स टीम की बड़ी कार्रवाई, 1.332 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

चंडी (अपना नालंदा)। चंडी थाना पुलिस और नारकोटिक्स विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से कुल 1 किलोग्राम 332 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक सत्यम चंद्रवंशी के नेतृत्व में चंडी थाना और नारकोटिक्स टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया।छापेमारी के दौरान एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन पुलिस बल की तत्परता से उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। इसके बाद एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत विधि सम्मत प्रक्रिया अपनाते हुए युवक को नोटिस दिया गया और उसकी तथा उसके घर की तलाशी ली गई।तलाशी के दौरान कर्कटनुमा घर की छत पर रखे एक पॉलिथीन में छिपाकर रखा गया 1.332 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई और सभी साक्ष्यों को ई-साक्ष्य ऐप पर अपलोड किया, ताकि जांच प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे।फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है।


## अमेरा मुसहरी में छापेमारी कर 500 लीटर देशी शराब नष्ट

थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी थाना क्षेत्र के अमेरा मुसहरी गांव में पुलिस ने छापेमारी कर छोवा-गुड़ से तैयार लगभग 500 लीटर अर्धनिर्मित देशी शराब बरामद की। बरामद शराब को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून के तहत आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा।

इस छापेमारी में दरोगा बलिन्द्र प्रसाद, अर्जुन पासवान एवं पुलिस बल मौजूद थे।





SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101102525O432E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# हिलसा में 95 लाख से नाला सड़क निर्माण कार्य शुरू



हिलसा (अपना नालंदा)। नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के अंतर्गत हिलसा नगर परिषद के वार्ड संख्या-07, कृष्णापुर में नाला एवं सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

इस महत्वपूर्ण योजना पर कुल 95 लाख 71 हजार 744 रुपये की लागत से कार्य कराया जा रहा है।


यह निर्माण कार्य कृष्णापुर स्थित महादेव मंदिर से जयराम पासवान के घर तक किया जाएगा। इस योजना के पूरा होने के बाद क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से जलजमाव और जर्जर सड़क की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

कार्यक्रम का शुभारंभ हिलसा के विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी पहली प्राथमिकता है और जनता की समस्याओं का समाधान करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आगे भी विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।विधायक ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूत करना है, जिससे लोगों को बेहतर सड़क, जल निकासी और अन्य सुविधाएं मिल सकें।

इस मौके पर उप मुख्य पार्षद दुर्गा देवी, वार्ड पार्षद अवधेश रावत, जदयू प्रखंड अध्यक्ष कुंदन कुमार, छात्र जदयू पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय (पूर्वी भाग, नालंदा) के अध्यक्ष आशीष कुमार, राजू कुमार सहित कई गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि योजना के पूर्ण होने से इलाके की तस्वीर बदल जाएगी और लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।










# राजगीर में बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली, स्वच्छता व पोषण का दिया संदेश




राजगीर (अपना नालंदा)। बिहार वाटर डेवलपमेंट सोसायटी, सेवा केंद्र कुर्जी के तत्वावधान में राजगीर प्रखंड स्थित हमारी पाठशाला फेज-4 के बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा जन जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली ठाकुर स्थान और लेलिन नगर क्षेत्रों में आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य ग्रामीण जनता को स्वच्छता, पोषण एवं अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक करना था।

रैली का नेतृत्व प्रवेक्षक साहिल राज ने किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन का आधार है, इसलिए हमें अपने आसपास सफाई बनाए रखनी चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।

रैली में शामिल बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर स्वच्छता, पोषण और स्वास्थ्य से जुड़े संदेश दिए। साथ ही उन्होंने जागरूकता के नारे लगाकर ग्रामीणों को अपने स्वास्थ्य और साफ-सफाई के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

इस कार्यक्रम में ठाकुर स्थान और लेलिन नगर के सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। मौके पर शिक्षिका किरण कुमारी एवं शिवानी कुमारी सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

शिक्षिका किरण कुमारी ने कहा कि बच्चों को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि वही भविष्य के निर्माण की नींव हैं। यदि उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन दिया जाए, तो एक स्वच्छ, स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण संभव है।रैली के माध्यम से लोगों में सकारात्मक संदेश पहुंचा और स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की।

# नालंदा में अत्याचार निवारण कानून की समीक्षा, पीड़ितों को बड़ी राहत




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मंगलवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 तथा मैनुअल स्कैवेंजर्स निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम, 2013 के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की वर्ष 2026 की पहली बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की समीक्षा करते हुए पीड़ितों को दी गई आर्थिक सहायता तथा लंबित मामलों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला कल्याण पदाधिकारी ने जानकारी दी कि चालू वित्तीय वर्ष में 179 लाभुकों को प्रथम किस्त तथा 428 लाभुकों को द्वितीय किस्त के रूप में कुल 560 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है।इसके अलावा जिले में अधिनियम के अंतर्गत 64 पेंशनधारियों को नियमित रूप से मासिक पेंशन दी जा रही है। बैठक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए और पात्र पीड़ितों को समयबद्ध तरीके से सहायता उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि पीड़ितों को शीघ्र न्याय और सहायता मिले, इसलिए सभी अधिकारी इस दिशा में संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि, समिति के सदस्यगण, जिला कल्याण पदाधिकारी, विशेष लोक अभियोजक तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति थाना के थानाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।






# नौ दिन से लापता व्यक्ति का शव डोर नदी से बरामद, जांच जारी




नगरनौसा (अपना नालंदा)। नगरनौसा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव के पास डोर नदी से नौ दिनों से लापता एक अधेड़ का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान चंडी थाना क्षेत्र के अकैड़ गांव निवासी 40 वर्षीय राजू कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि राजू कुमार नौ मार्च की संध्या से घर से लापता थे। इस संबंध में दस मार्च को उनकी पत्नी कंचन देवी ने चंडी थाना में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। परिजनों के अनुसार मृतक मानसिक रूप से कमजोर थे।


सोमवार को ग्रामीणों ने रघुनाथपुर गांव के पास डोर नदी में जलकुंभी के बीच एक शव को तैरते देखा, जिसके बाद इसकी सूचना नगरनौसा थाना को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पहचान कराई, जिसमें उसकी पहचान राजू कुमार के रूप में हुई।

ग्रामीणों का अनुमान है कि उनकी मौत डूबने से हुई है, हालांकि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। घटना की सूचना मिलते ही हिलसा के एएसपी शैलजा भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की।

थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया गया है। वहीं बीडीओ ओमप्रकाश कुमार ने कहा कि मृतक के आश्रितों को पारिवारिक लाभ योजना के तहत सहायता राशि दी जाएगी।मौके पर चंडी थानाध्यक्ष सुमन कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।






# कतरीसराय में साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, पांच आरोपी गिरफ्तार



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। स्थानीय थाना क्षेत्र में साइबर ठगी के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर गोरैया बिगहा और कतरपुर गांव में चलाए गए विशेष छापेमारी अभियान में पुलिस ने पांच शातिर साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कतरपुर निवासी शुभम कुमार उर्फ हिमांशु, बजड़ा चक निवासी प्रिंस कुमार उर्फ अंजनी कुमार, गोरैया बिगहा निवासी आदित्य राज उर्फ जेपी, अमित कुमार तथा सरमेरा थाना क्षेत्र के अहियापुर निवासी पियुष कुमार उर्फ अंजनी कुमार के रूप में की गई है।

थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि कुछ युवक बगीचे में बैठकर साइबर ठगी को अंजाम दे रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से 11 स्मार्टफोन, दो कीपैड मोबाइल, चार फर्जी सिम कार्ड तथा 89 पन्नों की ऑर्डर शीट बरामद की, जिसमें ग्राहकों के नाम, पते और मोबाइल नंबर दर्ज थे।

डीएसपी ने बताया कि यह गिरोह पेट्रोल पंप की डीलरशिप दिलाने के नाम पर लोगों से रजिस्ट्रेशन और प्रोसेसिंग शुल्क के बहाने ठगी करता था।छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक सुमंत कुमार, अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, एएसआई धर्मेन्द्र कुमार, मनीष कुमार, रुदल पासवान, संजय दास सहित कई जवान शामिल थे। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

# वेतन दिलाने के बदले रिश्वत लेते शिक्षक को निगरानी ने पकड़ा



चंडी (अपना नालंदा)। चंडी प्रखंड स्थित बीआरसी भवन में कार्यरत एक बुनियादी शिक्षक को निगरानी विभाग की टीम ने 17 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग और प्रखंड कार्यालय में हड़कंप मच गया।

निगरानी विभाग के डीएसपी अमरेंद्र कुमार विद्यार्थी ने बताया कि प्रखंड शिक्षक धर्मेंद्र कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि वर्ष 2017 से 2019 तक उनका वेतन लंबित है और वेतन जारी करने के एवज में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा राशि की मांग की जा रही है।

शिकायत के सत्यापन के लिए निगरानी विभाग ने एक विशेष धावा दल का गठन किया। जांच के दौरान टीम चंडी स्थित बीआरसी भवन पहुंची, जहां शिकायतकर्ता ने बीईओ से दूरभाष पर बातचीत की। बातचीत में बीईओ पुष्पा कुमारी ने वेतन दिलाने के बदले 17 हजार रुपये की मांग की और राशि बुनियादी शिक्षक के माध्यम से लेने की बात कही।

इसके बाद निगरानी टीम की मौजूदगी में जैसे ही शिकायतकर्ता ने आरोपी शिक्षक को 17 हजार रुपये दिए, टीम ने तुरंत उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

बताया जाता है कि आरोपी शिक्षक पूर्व में मध्य विद्यालय जलालपुर में मध्याह्न भोजन से जुड़े विवाद के कारण निलंबित रह चुके हैं, जिससे उनका वेतन लंबित था। फिलहाल निगरानी विभाग पूरे मामले की जांच कर रहा है।






## विशेष संपादकीय

**जे पी चौधरी**



# भारत इस युद्ध का हिस्सा नहीं हैं, फिर भी हम इससे प्रभावित हो रहे हैं

अगर कोई अमेरिकी मिसाइल ईरान में खामेनेई पर गिरती है, तो यकीनन कोई न कोई मिसाइल मासूम बच्चों की जान भी ले लेगी! जब ईरान ने अपने पड़ोसी देशों पर ड्रोन हमले किए, तो मरने वालों और घायल होने वालों में ज़्यादातर निर्दोष लोग थे। जहाजों पर काम करने वाले लोगों ने ऐसा क्या गुनाह किया था कि उन्हें निशाना बनाया गया? सच तो यह है कि युद्ध को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि कोई दोषी है या निर्दोष! इसका मकसद आतंक, विनाश और हत्या है—और यह बात आप सब जानते हैं।

, आप या हमारा देश भारत इस युद्ध का हिस्सा नहीं हैं, फिर भी हम इससे प्रभावित हो रहे हैं। हमारे हजारों लोग कहीं न कहीं फंसे हुए हैं—जहाजों में या विदेशों में। लाखों भारतीय मध्य पूर्व में, यानी खाड़ी देशों में रहते हैं। हम उनके बारे में चिंतित हैं। जब ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य बंद किया, तो हमारे शांतिपूर्ण देश भारत को भी खाना पकाने की गैस की कमी का सामना करना पड़ा, हालांकि इस कमी का भी राजनीतिकरण हो गया है। मेरा मानना है कि सरकार को स्थिति को पूरी तरह स्पष्ट करना चाहिए और जनता का सहयोग लेना चाहिए। आम लोगों को भोजन परोसने वाले सड़क किनारे के ढाबों के लिए गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए।

अमेरिका की एक खास विशेषता है: वह हर बात अपने मनवाने की कोशिश करता है। इसे समझने के लिए हमें लगभग चार दशक पीछे जाना होगा। 46 साल पहले की इस्लामी क्रांति में, अमेरिका समर्थित शाह मोहम्मद रज़ा पहलवी (ईरान के शाह) को सत्ता से हटा दिया गया और अयातुल्ला खामेनेई शासक बने। उन्होंने ईरानियों के मानवाधिकारों और स्वतंत्रता को छीन लिया। शाह के शासनकाल में वैज्ञानिकों, रक्षाकर्मियों और अन्य प्रमुख हस्तियों की हत्या कर दी गई। कुछ लोग बच निकलने में कामयाब रहे। अगले ही साल, अमेरिका ने इराक के शासक सद्दाम हुसैन को ईरान पर हमला करने के लिए उकसाया। अमेरिका ने इराक को भरपूर हथियार और पैसा मुहैया कराया, लेकिन आठ साल तक चले युद्ध के बावजूद इराक ईरान को हरा नहीं सका। क्यों नहीं? क्योंकि इज़राइल ईरान की मदद कर रहा था! और इज़राइल के पीछे कौन था? जी हां, अमेरिका! आप सोच रहे होंगे कि अमेरिका ने ऐसा क्यों किया। मकसद ईरान और इराक दोनों को कमजोर करना था! उस युद्ध में लाखों लोग मारे गए, और रासायनिक हथियारों के इस्तेमाल के आरोप भी लगे। विडंबना यह है कि जिस सद्दाम को अमेरिका ने मोहरे की तरह इस्तेमाल किया था, उसी पर रासायनिक हथियार बनाने का आरोप लगा, जबकि इराक के पास कभी एक बूंद भी नहीं थी—लेकिन इराकी जनता तबाह हो गई!

# समृद्धि यात्रा में बांका को बड़ी सौगात, मुख्यमंत्री ने हजारों करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास




पटना (अपना नालंदा)। समृद्धि यात्रा के तहत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को बांका जिले के कटोरिया प्रखंड अंतर्गत तेलंगवा गांव स्थित डिग्री कॉलेज पहुंचे, जहां उन्होंने विकास योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और सभा स्थल में प्रवेश से पहले सभी लोगों की मेटल डिटेक्टर से जांच की जा रही थी।


कार्यक्रम में जीविका दीदियों समेत हजारों महिलाओं की भारी उपस्थिति ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। मुख्यमंत्री करीब 1:15 बजे हेलीकॉप्टर से पहुंचे और सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने डिग्री कॉलेज परिसर में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया और योजनाओं की जानकारी ली।

जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों और आम लोगों को संबोधित करते हुए कई विकास योजनाओं की घोषणा की। इस दौरान गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने भी राज्य में चल रहे विकास कार्यों को विस्तार से बताया।

मुख्यमंत्री ने बांका जिले के लिए कुल 11,783.715 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन किया, जबकि 59,058.147 करोड़ रुपये की लागत वाली योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ जिले में चल रही योजनाओं की समीक्षा भी की और आम जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति ठीक नहीं थी, लेकिन अब हालात में व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं सुरक्षित हैं और सड़कों की स्थिति भी पहले से बेहतर हो गई है, जो राज्य के विकास का संकेत है।

# प्रसिद्ध कलाकार साची तिवारी वेब सीरीज प्रधान जी में निभा रही है चांदनी का किरदार





पटना (अपना नालंदा)।बिहार के सासाराम के कशिगावां के साची तिवारी फिर से मचा रही है बड़ा धमाल, वेब सीरीज इंडस्ट्री में धमाल मचाने वाली है प्रधान जी में साची तिवारी, साची प्रधान जी की बेटी चांदनी का किरदार निभा रही है, प्रधान जी के प्रोड्यूसर विजय वल्लभहनी,को प्रोड्यूसर सिद्धार्थ जैन और अंकुर व्यास,निदेशक राहुल सिंह, शक्ति शशांक सुंदरम ने इसकी कहानी लिखी है,साची तिवारी ने कहा प्रधान जी वेब सीरीज रियल स्टोरी पर आधारित है, साची ने बताया कि इस वेब सीरीज में मेरी रियल मां प्रिया तिवारी मेरी मां का रोल निभा रही है, मां के साथ पहली बार सेट पर काम करना बहुत ही अच्छा लगा,इस सीरीज में कॉमेडी और इमोशंस का भरपूर मजा दर्शकों को मिलेगा, साची ने बताया ये वेब सीरीज आपलोगो को बहुत पसंद आएगी, क्योंकि ये वेब सीरीज गांव में एक प्रधान पर आधारित है कि कैसे एक अनपढ़ मूर्ख प्रधान 25 वर्षों से गांव पर शासन कर रहा है और उसके खिलाफ एक मध्यमवर्गीय पढ़ा लिखा लड़का खड़ा होता है,साची तिवारी छोटी उम्र से ही एक्टिंग कर रही है,महानायक अमिताभ बच्चन, सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ भी साची ने अभिनय किया है, साची बहुत से टीवी शो मूवी और ऐड में काम किया है और कर रही हैं, साची के धारावाहिक अनमोल और कैसा है ये रिश्ता भी दर्शकों को काफी पसंद आया था,उन्होंने लोगों से कहा कि आप लोग इस वेब सीरीज को जरूर देखें और अपना प्यार और आशीर्वाद दे उन्हें जिस प्रकार से मिल रहा है वैसे ही अपना प्यार और आशीर्वाद दे।

# झारखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति ने सीएम और राज्यपाल से की मुलाकात





रांची (अपना नालंदा)। झारखंड राज्य मुक्त विश्वविद्यालय (JSOU) के नवनियुक्त कुलपति प्रो. अभय कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण करने के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष गंगवार से शिष्टाचार भेंट की।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हुई मुलाकात के दौरान प्रो. सिंह ने विश्वविद्यालय की वर्तमान शैक्षणिक एवं प्रशासनिक स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय की भावी योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य नामांकन बढ़ाना, सुदूर ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों तक उच्च शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना तथा दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अधिक से अधिक छात्रों को अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने मुख्यमंत्री से विश्वविद्यालय के विकास के लिए सहयोग एवं मार्गदर्शन का अनुरोध किया।इसके अलावा प्रो. सिंह ने राज्यपाल संतोष गंगवार से भी मुलाकात कर विश्वविद्यालय की गतिविधियों एवं योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, पारदर्शिता सुनिश्चित करने और सर्वसमावेशी नेतृत्व को प्राथमिकता देने की बात कही।

प्रो. अभय कुमार सिंह एक प्रख्यात इतिहासवेत्ता एवं अनुभवी शैक्षणिक प्रशासक हैं। वे पूर्व में नालंदा विश्वविद्यालय में कार्यवाहक कुलपति के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और उनके कार्यकाल को शिक्षा जगत में सराहा गया है।

उनकी नियुक्ति से विश्वविद्यालय के विकास और उच्च शिक्षा के विस्तार को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# परवलपुर में टीकाकरण को लेकर कार्यशाला, 15 गांवों में विशेष जागरूकता अभियान चलेगा



परवलपुर (अपना नालंदा)। प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार के नेतृत्व में नियमित टीकाकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रखंड स्तरीय अभिसरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में टीकाकरण कार्यक्रम को मजबूत बनाने और छूटे हुए बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि पीसीआई संस्था के तहत चिन्हित 15 गांवों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही जीएवीआई इंटरवेंशन वाले 15 सत्र स्थलों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।बीडीओ रंजीत कुमार ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी बच्चा वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि जागरूकता की कमी के कारण कई बच्चे टीकाकरण से छूट जाते हैं,इसलिए सामुदायिक स्तर पर प्रभावशाली व्यक्तियों की मदद ली जाएगी।

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राजेंद्र चौधरी ने बताया कि सरकार द्वारा बच्चों को 12 बीमारियों से बचाव के लिए निःशुल्क टीके लगाए जाते हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नूतन सिन्हा ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर एएनएम द्वारा टीकाकरण किया जाता है और इसका डेटा यू-विन पोर्टल पर अपलोड किया जाता है।पीसीआई के जिला समन्वयक प्रिंस कुमार ने शून्य डोज पर विशेष फोकस करने की बात कही। इस मौके पर डब्ल्यूएचओ की एसएमओ गीतिका शंकर, शिक्षा विभाग, जीविका बीपीएम, मुखिया, वार्ड सदस्य, आईसीडीएस, प्रखंड प्रबंधक, बीसीएम, विकास मित्र एवं पीसीआई की प्रखंड समन्वयक संगीता कुमारी उपस्थित रहीं।

# राज्यसभा चुनाव परिणाम पर राजद का हमला, लोकतंत्र पर उठाए सवाल



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मंगलवार को जिला राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता दीपक कुमार ने प्रेस बयान जारी कर राज्यसभा चुनाव परिणाम पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राजद प्रत्याशी अमरेंद्र धारी सिंह की हार लोकतंत्र की हार है और यह पूरे लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है।

प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान हॉर्स ट्रेडिंग हुई और शासन तंत्र का दुरुपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि एनडीए नेताओं द्वारा महागठबंधन के विधायकों को लगातार दबाव और धमकी दी जा रही थी, जिसका असर चुनाव परिणाम में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

दीपक कुमार ने यह भी आरोप लगाया कि चार विधायकों को गायब कर देने जैसी घटनाएं लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोच्च होती है, लेकिन इस प्रकार की घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करती हैं।

उन्होंने कहा कि बिहार की जनता सब कुछ देख रही है और आने वाले चुनाव में इसकाजवाब जरूर देगी। जनता किसी भी प्रकार के अन्याय और लोकतंत्र विरोधी कार्यों को बर्दाश्त नहीं करेगी।

राजद प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी लोकतंत्र की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करती रहेगी और जनता के अधिकारों के लिए आवाज उठाती रहेगी।

इस बयान के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है और विभिन्न दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है।

# हरनौत में जनगणना 2027 की तैयारी तेज, 397 प्रगणक तैनात

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड एवं नगर पंचायत क्षेत्र में आगामी 2 मई से शुरू होने वाली आर्थिक, सामाजिक एवं जातिगत जनगणना 2027 की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। प्रशासन द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने के लिए प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की तैनाती कर दी गई है।

बीडीओ सह जनगणना चार्ज पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार एवं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सह चार्ज पदाधिकारी सौरभ सुमन ने बताया कि जनगणना का प्रथम चरण 2 मई से 31 मई तक चलेगा, जिसमें हाउस लिस्टिंग का कार्य किया जाएगा। वहीं दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित होगा, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति का विस्तृत व्यक्तिगत विवरण दर्ज किया जाएगा। इस दौरान कुल 33 प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे।नगर पंचायत क्षेत्र के 19 वार्डों एवं 9 राजस्व ग्रामों में कुल 90 प्रगणक (9 रिजर्व सहित) तथा 14 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। वहीं प्रखंड क्षेत्र के 16 पंचायतों के 97 राजस्व ग्रामों में 307 प्रगणक एवं 51 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं, जिनमें रिजर्व कर्मी भी शामिल हैं।प्रशासन ने बताया कि प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के रूप में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।अधिकारियों ने कहा कि जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाएगा।

# मूसेपुर में पुलिस की छापेमारी, दो वारंटी गिरफ्तार, भेजे गए जेल



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भागन बीघा ओपी क्षेत्र के मूसेपुर गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया और फरार आरोपियों में पुलिस का खौफ देखने को मिला।

पुलिस को सूचना मिली थी कि दो वारंटी अभियुक्त अपने घर पर मौजूद हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजकुमार भारती के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मूसेपुर गांव में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दोनों अभियुक्तों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मूसेपुर निवासी रामाश्रय यादवके पुत्र संतु यादव (40 वर्ष) तथा सियार शरण यादव के पुत्र जितेंद्र कुमार (49 वर्ष) के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार दोनों के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी था और वे लंबे समय से फरार चल रहे थे।

थाना अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद दोनों अभियुक्तों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सख्ती का संदेश गया है। वहीं, फरार वारंटियों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आगे भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे और फरार आरोपियों को हर हाल में गिरफ्तार किया जाएगा।

www.kalopehomes.com
Kalope HOMES®
UPVC Interior
+91 9097459541
Head Office - MIG 27, Hanuman Nagar, Kankarbagh,Patna, Bihar-800020

# त्योहारों में शांति और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प, चंडी में शांति समिति की बैठक संपन्न



चंडी (अपना नालंदा)। मंगलवार को चंडी थाना परिसर स्थित सभागार में रामनवमी, चैती दुर्गा पूजा और ईद पर्व को लेकर शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने की, जिसमें पश्चिम बंगाल के पूर्व एडीजी अनिल कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में आगामी सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने चंडी बाजार में निकलने वाले रामनवमी जुलूस, भगवानपुर गांव में ईद की नमाज तथा चैती दुर्गा पूजा एवं मेले की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी आयोजनों के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। साथ ही सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करना होगा, अन्यथा विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।पूर्व एडीजी अनिल कुमार ने लोगों से



आपसी भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि चंडी क्षेत्र में विभिन्न समुदायों के बीच एकता और सौहार्द की मिसाल देखने को मिलती है। यहां लोग एक-दूसरे के पर्व-त्योहारों में बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है।

बैठक में जिला परिषद प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिन्हा, उप मुख्य पार्षद प्रवीण कुमार सुमन, उप प्रमुख दयाशंकर यादव, मुकेश सिंह, सुखदेव प्रसाद, मुखिया अशोक शर्मा, नरेश पासवान, पूर्व मुखिया भूषण सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का संकल्प लिया।

# 5 महीने से फरार आरोपी दबोचा गया, पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मचा हड़कंप



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भागन बीघा ओपी क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 महीने से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरफ्तारी के बाद इलाके में पुलिस की सक्रियता को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, यह मामला गांव में हुए आपसी विवाद और मारपीट से जुड़ा है। घटना के बाद आरोपी लगातार फरार हो गया था और पुलिस उसे पकड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। कई बार संभावित ठिकानों पर छापेमारी भी की गई, लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग पा रहा था।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान कड़ी बीघा गांवनिवासी स्वर्गीय देवकी पासवान के पुत्र सुनील पासवान के रूप में हुई है। थाना अध्यक्ष राजकुमार भारती ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले से ही मारपीट का मामला दर्ज था और वह पिछले 5 महीनों से फरार चल रहा था।उन्होंने बताया कि हाल ही में गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके घर पर छापेमारी की और बिना किसी विरोध के उसे गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया है, जहां आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि कानून व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सके।

# बेलछी में अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान, ग्रामीणों को बताए गए बचाव के प्रभावी उपाय



चंडी (अपना नालंदा)। चंडी प्रखंड के बेलछी गांव में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बिहार अग्नि सेवा विभाग द्वारा आग से बचाव एवं राहत उपायों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को आग लगने की स्थिति में सतर्क रहने और सही तरीके से उससे निपटने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

अग्निशामक विभाग के कर्मी मो. इरफान ने बताया कि आग, हवा और पानी जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक तत्व हैं, लेकिन इनका रौद्र रूप जानलेवा साबित हो सकता है। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि आग लगने पर घबराने के बजाय धैर्य से काम लें और तुरंत आग पर काबू पाने का प्रयास करें, साथ ही आसपास के लोगों से मदद लें। उन्होंने सुझाव दिया कि खाना बनाते समय हमेशा पास में पानी से भरी बाल्टी रखें, ताकि अचानक आग लगने पर तुरंत बुझाया जा सके। वहीं फूस के घरों में रहने वाले लोगों को घर की दीवारों और छत पर गोबर एवं मिट्टी का लेप लगाने की सलाह दी गई, जिससे आग लगने की संभावना कम हो सके।

गैस चूल्हे का उपयोग करने वालों को विशेष सावधानी बरतने की हिदायत दी गई। मो. इरफान ने कहा कि गैस पाइप और रेगुलेटर की नियमित जांच करें और किसी भी प्रकार की खराबी नजर आने पर उसे मरम्मत कराने के बजाय तुरंत बदल दें।

कार्यक्रम के दौरान अग्निशामक कर्मी मो. इरफान, विजय कुमार और निक्की कुमारी ने आग लगने की स्थिति में बचाव और नियंत्रण का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया। इस डेमो को देखकर ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की और जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की।

# गिरियक में 5000 लीटर मिल्क कूलर निर्माण हेतु भूमि स्वीकृत

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार स्टेट मिल्क को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड, पटना के प्रबंध निदेशक द्वारा नालंदा जिले के गिरियक प्रखंड में 5000 लीटर क्षमता वाले बल्क मिल्क कूलर के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भेजा गया था। इस प्रस्ताव पर स्थानीय प्रशासन द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए आगे की कार्रवाई की गई।इस संबंध में अंचलाधिकारी गिरियक, भूमि सुधार उप समाहर्ता राजगीर तथा अनुमंडल पदाधिकारी राजगीर द्वारा विधिवत प्रस्ताव जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया गया। प्रस्ताव के आधार पर राजगीर अंचल के अंतर्गत मौजा तरोखर, थाना संख्या 345 में स्थित लगभग 30 डिसमिल भूमि को चयनित किया गया। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने इस भूमि को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग (गव्य विकास निदेशालय), बिहार, पटना को अंतर्विभागीय हस्तांतरण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस स्वीकृति के बाद अब उक्त स्थल पर 5000 लीटर क्षमता वाले बल्क मिल्क कूलर का निर्माण किया जाएगा।

इस परियोजना के शुरू होने से क्षेत्र के दुग्ध उत्पादक किसानों को काफी लाभ मिलेगा। उन्हें दूध के संरक्षण और विपणन में सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होने की संभावना है।

प्रशासन का मानना है कि इस पहल से दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर डेयरी क्षेत्र को मजबूती मिलेगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी।

www.apnanalanda.com
अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर
नालन्दा का नंबर 1 अखबार